Title: Requests the Central Government to take steps to conserve forest in the tribal area of Mandla, Madhya Pradesh.

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते (मण्डला) : अध्यक्ष महोदय, मैंने मध्य प्रदेश के मण्डला आदिवासी जिले के आसपास के जो जंगल हैं, उनके संबंध में सूचना दी है। निरन्तर एक साल से मध्य प्रदेश सरकार ने सारे आदिवासी गांवों के आसपास जो जंगल लगे हुए हैं और जो साल वृक्ष हैं, उनकी अन्धाधुंध कटाई मध्य प्रदेश सरकार के वन विभाग ने कराई है। मैंने निरन्तर इस बात के लिए सूचना दी है और अनुमानित करीब ४० लाख झाड़ काटने की सूचना और अनुमति मध्य प्रदेश सरकार ने दी है। अभी तक करीब १५ लाख झाड़ वहां काट दिये गये हैं और मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश सरकार को भारत सरकार के माध्यम से निर्देशित करें कि जो आदिवासी क्षेत्र में या वहां के जंगल हैं, उनके रख-रखाव के लिए कम से कम उन झाड़ों की कटाई को रोका जाए। करोड़ों-अरबों रुपये की सम्पत्ति की वहां लूट हो रही है। अनेक ऐसे बिचौलिये हैं जो पूरा जंगल साफ कर रहे हैं और मैं आपका ध्यान निरन्तर इस बात की ओर आकर्षित करना चाहता हूं तथा सरकार से संरक्षण चाहता हूं कि आदिवासी क्षेत्रों के जंगलों की कटाई रोकने के लिए वह उचित कदम उठाये।